देवी-देवता व ध्वजा दंड कलश की प्रतिष्ठा

धनज में प्रतिष्ठा महोत्सव

प्रतिष्ठाचार्य जिनपीयूषसागर सुरीश्वर मसा का सानिध्य

सभी फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.

संवाददाता, 18 जून

धनज (बु.)- धर्म उन्नायक धनज (बु.) में मनमोहन पार्श्वनाथ जिनालय का आमूलचूल जीर्णोध्दार पश्चात प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है. महोत्सव के अष्टम दिवस सोमवार को प्रतिष्ठाचार्य जिनपीयूषसागर सुरीश्वर मसा के सानिध्य में परमात्मा, दादा गुरुदेव, देव-देवी, ध्वजा दंड, कलश आदि की महामंगलकारी पावन प्रतिष्ठा की गई.

सुबह 8.30 बजे प्रतिष्ठाचार्य जिनपीयूषसागर सूरीश्वर मसा व सम्यकरत्न महाराज का प्रवचन हुआ. पश्चात प्रतिष्ठा महोत्सव में जिन महानुभावों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया उन सभी का आयोजन समिति द्वारा सम्मान किया गया. मुंबई के संजय भंसाली परिवार, जयेश शाह परिवार, दफ्तरी परिवार, संचेती परिवार, मालिया परिवार आदि सकल जैन समाज का विशेष रूप से सत्कार किया गया. पश्चात परमात्मा दादा गुरुदेव, देवी-देवता, ध्वजा दंड, कलश आदि की मंदिर में महामंगलकारी पावन प्रतिष्ठा की गई. इसी दौरान समारोह स्थल पर भव्य मंच पर भंसाली परिवार द्वारा आयोजित वर्धमान इंग्लिश स्कूल की प्रतिकृति का अनावरण किया गया. यह स्कूल 5 हजार वर्गफीट में 3 करोड़ की लागत से बन रही है. जिसका मुख्य नामकरण का चढ़ावा बोला गया. जिसका लाभ बोथरा व भंसाली परिवार ने लिया. देवी-देवता, ध्वजा दंड, कलश आदि का भी चढ़ावा बोला गया. प्रथम ध्वजा चढ़ाने वाले व्यक्ती का लकी ड्रॉ मंदिर में निकाला गया. प्रतिष्ठा दौरान मंत्रोच्चार, शंख की धुन, बैंड, ढोल-ताशे, गीत, संगीत पर श्रध्दालु झूम रहे थे. प्रतिष्ठा महोत्सव दौरान द्रोण कैमरे से फूलों की वर्षा की जा रही थी. प्रतिष्ठा महोत्सव में सहभागी होने के लिए नागपुर, राजनांदगांव, धामणगांव, नर्सिंगपुर, छिदवाड़ा, दिग्रस, दारव्हा, यवतमाल, मुंबई, अकोला, शिरपुर सहित करीब 150 गांव व शहरों से सकल जैन समाज व श्रध्दालु धनज पहुंचे थे. अष्टोत्तरी शांति स्नात्र महापूजन का लाभ श्रीमती अणचीबाई नेमीचंद लुनिया चैरिटेबल ट्रस्ट (अमरावती-बैतूल-मरुधर में मथानिया) ने लिया. पूरे प्रतिष्ठा महोत्सव दौरान शासनरत्न विधिकारक मनोज हरण ने सभी चढ़ावे बोल व आकर्षक संचालन किया.

'नवयुवक एप' का लोकार्पण कल

माहेश्वरी नवयुवक मंडल का उपक्रम

ऑर्थोपेडिक लाइब्रेरी रूग्ण सेवा भी शुरू

प्रतिनिधि,18 जून

अमरावती- माहेश्वरी पंचायत अंतर्गत स्थानीय माहेश्वरी नवयुवक मंडल की ओर से महेश नवमी उत्सव के उपलक्ष्य में 20 जून को नवयुवक एप का शुभारंभ किया जाएगा. माहेश्वरी भवन में आयोजित एप शुभारंभ समारोह के दौरान ऑर्थोपेडिक लाइब्रेरी रूग्ण सेवा भी शुरू की जाएगी.

माहेश्वरी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सचिन राठी ने बताया कि नवयुवक एप में माहेश्वरी समाज की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रहेगी. व्यापार से लेकर विविध विस्तृत जानकारी वाले इस एप से समाजबंधुओं को परिचय के लिए सुविधा होगी. 20 जून को माहेश्वरी भवन में 5.30 बजे एप का लोकार्पण किया जाएगा. उसके पूर्व दोपहर 4 से 5.30 बजे के बीच मॉडर्न बिजनेस ट्रेड विषय पर नाशिक निवासी अमित राठी मार्गदर्शन करेंगे. इस कार्यक्रम के दौरान ऑर्थोपेडिक लाइब्रेरी रूग्ण सेवा शुरू किया जाएगा. ऑर्थोपेडिक लाइब्रेरी के तहत मरीजों को अत्यल्प दरों पर किराये से एअर बेड, व्हील चेअर, वॉकर आदि दिए जाएंगे. रूग्ण सेवा व एप के लिए माहेश्वरी नवयुवक मंडल के सचिन राठी, आकाश लढ्ढा, गिरिधर राठी, श्रेयस कलंत्रीआदि ने अथक प्रयास किए.

माहेश्वरी समाज
सेवा त्याग सदाचार

21 को शोभायात्रा

महेश नवमी उत्सव निमित्त 21 जून को शोभायात्रा का आयोजन किया गया है. शोभायात्रा के दौरान रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है. शोभायात्रा व रक्तदान शिविर में समाजबंधु सहपरिवार सहभागी होकर सामाजिक एकता का परिचय दें, ऐसा आह्वान सचिन राठी, आकाश लढ्ढा, आदित्य सारडा, आशीष बजाज, तुषार कासट, गिरिधर राठी, खुशाल कलंत्री, विनीत भुतड़ा, श्रेयस कलंत्री, वैभव लोटिया, उज्जवल बजाज, अनूप परतानी, अक्षय काबरा, कल्पेश भट्टड़, कौशल सारडा ने किया है.

महाराणा प्रताप भारतीयों के शिरोमणि: सानंदा

संवाददाता, 18 जून

खामगांव - खामगांव में 16 जून को महाराणा प्रतापसिंह की 478वीं जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई गई. महाराणा प्रतापसिंह ने प्रतिकूल स्थिति में देश की रक्षा हेतु किया कार्य अमर है. उन्होंने देश, धर्म व संस्कृति की रक्षा हेतु जीवन भर संघर्ष किया. उनका पराक्रम, त्याग, विरता, देशभक्ति हमेशा प्रेरणादायी है. वे सभी भारतीयों के शिरोमणि हैं, यह बात इस समय पूर्व विधायक दिलीपकुमार सानंदा ने कही. कार्यक्रम में गोकुलसिंह सानंदा, पंकजसिंह ठाकुर, डॉ. भगतसिंह राजपूत, रवींद्रसिंह सानंदा, अशोकसिंह सानंदा, कमलसिंह गौतम, दर्शनसिंह ठाकुर, प्रमोदसिंह पाटिल, भारती सिसोदिया, अलकादेवी सानंदा, सुरेशसिंह तोमर आदि उपस्थित थे.

इस अवसर पर जय राणा के जयघोष के साथ टावर चौक से भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई. रैली के दौरान दिलीपकुमार सानंदा ने कुछ समय घुडसवारी भी की. उसके बाद

महाराणा प्रताप जयंती निमित्त निकली मोटर साइकिल रैली

वे सपत्निक दुपहिया पर सवार होकर इस रैली में सहभागी हुए. यह रैली टावर चौक से गांधी उद्यान, बस स्टैण्ड, सामान्य अस्पताल, शेगांव नाका, चांदमारी चौक, विक्रमसी चौक, कॉटन मार्केट के सामने से गौतम चौक, भुसावल चौक, केड़िया टर्निंग, मिट्ठूलाल ज्वेलर्स, गांधी चौक, अग्रवाल कोल्ड ड्रिंक, महावीर चौक, मोहन चौक, फरशी चौक, सहेली कॉम्प्लेक्स, भगतसिंह चौक, एकबोट चौक, अग्रसेन चौक, गांधी उद्यान के सामने से टॉवर चौक, कोर्ट के सामने से वाया जलंब नाका, संत तुकाराम महाराज सभागृह, नांदुरा मार्ग में इस मोटरसाइकिल रैली का समापन किया गया. इस रैली में राजेंद्रसिंह सानंदा, मुकेशकुमार सानंदा, आनंदकुमार सानंदा, सागरकुमार सानंदा, नगरसेवक अमेयकुमार सानंदा, दिग्विजयसिंह सानंदा, सरस्वती खासने, सुरजीतकौर सलूजा, भारती पाटिल, माया तिवारी, रेखा ठाकुर, गीता बयस, अर्चना टाले, प्रीती वाधवा, सुनीता राजपूत, शोभा ठाकुर, अरुणा ठाकुर, संतोष टाले, विलाससिंह इंगले, श्रीकृष्ण टिकार, सुरेश धोटे, संजय झुनझुनवाला, पंजाब देशमुख व कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी सहभागी हुए थे. अनुशासन में निकली यह रैली गांव के लोगों के लिए आकर्षण बनी थी. राष्ट्रगीत से कार्यक्रम का समापन किया गया.

स्वच्छ भारत अभियान में चयनित होने वाली वर्धा जिले की एकमात्र नपा

आर्वी नप को स्टार रेटिंग

संवाददाता, 18 जून

आर्वी- केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत कचरा मुक्त शहर के लिए स्टार रेटिंग कार्यशाला का आयोजन हाल ही में पुणे में किया गया था. इस कार्यशाला में महाराष्ट्र की 106 नगरपालिकाओं का चयन राज्य सरकार ने किया है. इसमें वर्धा जिले की एकमात्र आर्वी नगर परिषद का समावेश है.

पुणे में संपन्न हुई विशेष कार्यशाला में आर्वी के नगराध्यक्ष प्रशांत सवालाखे उपस्थित थे. सरकार के सहसचिव और राष्ट्रीय अभियान संचालक वी.के. जिंदाल तथा राज्य की प्रधान सचिव मनीषा म्हैसकर ने उक्त कार्यशाला में मार्गदर्शन किया. आर्वी नगर परिषद को उक्त सम्मान मिलने पर नागरिकों ने खुशी व्यक्त की है. केंद्र सरकार की स्वच्छ सर्वेक्षण स्पर्धा में राज्य ने दूसरा स्थान हासिल किया है. इस योजना के अगले चरण में 'कचरा मुक्त शहर' संकल्पना क्रियान्वित की जाएगी. इसमें केंद्र सरकार के गृह निर्माण व नागरिक विकास मंत्रालय के मानकों के अनुसार शहर की जांच कर रेटिंग प्रदान की जाएगी. नगराध्यक्ष प्रशांत सवालाखे और स्वास्थ्य सभापति प्रकाश गुल्हाने ने स्टार रेटिंग मिलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ क्षण में के कारण ही आर्वी शहर का चयन हुआ है. दोनों नेताओं ने कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग स्पर्धा में भी नागरिकों का संपूर्ण सहयोग मिलने की आशा व्यक्त की है.